कार्यालयः— उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या—02 / 05 / अति—5 / 2025—2026
प्रयागराजः दिनांकः— 30 जुलाई 2025

## विज्ञप्ति

समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा0) परीक्षा—2023 जो दिनांक 27 जुलाई, 2025 को आयोजित की गयी थी, से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकारक सामान्य अध्ययन एवं सामान्य हिन्दी से संबंधित प्रश्नपत्र को स्कैन कर प्रश्न एवं उनके उत्तर आयोग की वेबसाइट— https://uppsc.up.nic.in पर दिनांक 04 अगस्त 2025 तक उपलब्ध है। प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तरों को हाईलाइट व अण्डरलाईन (आयताकार खाने में) कर दिया गया है। अभ्यर्थीगण, आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न—पुस्तिका बार—कोड कम सं0—7103809 के आधार पर अपने उत्तरों का मिलान कर लें। यदि आयोग द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्नोत्तरों के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो प्रश्नपुस्तिका बार—कोड कम सं0—7103809 की प्रश्न—पुस्तिका में अंकित प्रश्नों की कम संख्या एवं उसी के अनुसार सही विकल्पों का उल्लेख करते हुए निर्धारित प्रारूप पर पूरा प्रश्न लिखेंगे तथा आयोग का उत्तर एवं आपत्ति के रूप में प्रस्तावित उत्तर सहित विकल्पों यथा—**a,b,c,d** भी लिखेंगे।

अतः अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि उन्हें प्रश्नोत्तरों में कोई विसंगति प्रतीत होती है तो इस सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन / आपत्ति (संगत साक्ष्य सहित—नीचे दिये गये प्रारूप पर) अनिवार्यतः सामान्य अध्ययन (प्रश्न सं0—01 से 140 तक) व सामान्य हिन्दी (प्रश्न सं0—141 से 200 तक) हेतु अलग—अलग प्रत्यावेदन (निर्धारित प्रारूप पर सामान्य अध्ययन से संबंधित प्रश्न एवं उससे संबंधित साक्ष्य एक साथ तथा निर्धारित प्रारूप पर सामान्य हिन्दी से संबंधित प्रश्न एवं उससे संबंधित साक्ष्य एक साथ), आयोग को एक ही बन्द लिफाफे में, जो परीक्षा नियंत्रक, अतिगोपन—5 अनुभाग, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज—211018 को सम्बोधित हो, डाक द्वारा अथवा आयोग के काउन्टर पर, दिनांक 05 अगस्त 2025 के सायं 05.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में उपलब्ध करा सकते हैं। बिना साक्ष्य के / अपठनीय व असंगत साक्ष्य युक्त तथा प्रश्नपुस्तिका बारकोड कम संख्या—7103809 से भिन्न बारकोड कम संख्या के आधार पर प्रेषित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त प्रत्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**नोटः—आयोग द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न—पुस्तिका बार—कोड कम संख्या—7103809 में अंकित प्रश्न—संख्या एवं विकल्प के अनुसार ही आपत्ति दें।**

### प्रारूप

1—अभ्यर्थी का नाम..........................................................
2—अनुक्रमांक...................................................................
3—परीक्षा का नाम............................................................
4—विषय का नाम..............................................................

| क0सं0 | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड कमसंख्या—7103809 के अनुसार प्रश्न संख्या व प्रश्न | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड कम संख्या—7103809 के अनुसार आयोग का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर) | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड कम संख्या—7103809 के अनुसार प्रत्यावेदक का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर) | साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

अभ्यर्थीकाहस्ताक्षर.........................................................

(हर्ष देव पाण्डेय)
परीक्षा नियंत्रक।